# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ।

## माननीय प्रबन्ध परिषद की 55वीं बैठक दिनाँक 20 फरवरी, 2024 का कार्यवृत्त

माननीय प्रबन्ध परिषद की 55वीं बैठक दिनाँक 20 फरवरी, 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में सम्पन्न हुई। बैठक में माननीय सदस्यों की उपस्थिति निम्नवत् थीः–

1. डा0 के0के0 सिंह, कुलपति — अध्यक्ष
2. श्री रफीक अंसारी, मा0 विधायक — सदस्य
3. श्री अजय कुमार द्विवेदी, विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ। — सदस्य
4. डा0 सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0, नई दिल्ली। — सदस्य
5. श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री — सदस्य
6. श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक — सदस्य
7. श्री वरूण खरे, अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मेरठ मण्डल, मेरठ/मुख्य कोषाधिकारी, मेरठ। (अपर मुख्य सचिव वित्त, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — सदस्य
8. डा0 अमरनाथ मिश्रा, संयुक्त निदेशक कृषि मेरठ मण्डल, मेरठ (निदेशक कृषि, उ0प्र0, लखनऊ के प्रतिनिधि) — सदस्य
9. डा0 ज्ञान प्रकाश वर्मा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ मण्डल, मेरठ (अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उ0प्र0 के प्रतिनिधि) — सदस्य
10. श्रीमती लक्ष्मी मिश्रा, वित्त नियंत्रक — सचिव

मा0 प्रबन्ध परिषद के अध्यक्ष एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा मा0 सदस्यों का स्वागत किया गया।

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

**प्रस्ताव संख्या 55.1 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 54वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 54वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या 55.2 : माननीय प्रबन्ध परिषद की 54वीं बैठक दिनाँक 21 अक्टूबर, 2023 के निर्णयों की अनुपालन आख्या।**

मा0 प्रबन्ध परिषद की 54वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के निर्णयों की अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्याः 55.3— विद्वत परिषद की 89वीं बैठक दिनांक 30.12.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 89वीं बैठक दिनांक 30.12.2023 के कार्यवृत्त का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः कुलसचिव)**

**प्रस्ताव संख्याः 55.4— सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षकों/समकक्षीय संवर्ग को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित किये गये वेतन एरियर का 50 प्रतिशत राज्य अंश का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 2690234/2024/कृषिअ–67–1099

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

/169/2023 दिनांक 31 जनवरी, 2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षकों/समकक्षीय संवर्ग को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित किये गये वेतन एरियर का 50 प्रतिशत राज्य अंश का भुगतान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में रू0 296.40 लाख मात्र की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

इस सम्बन्ध में वित्त नियन्त्रक द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों/समकक्षीय संवर्ग को सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों एवं प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत एरियर की धनराशि वितरित करने की कार्यवाही की जा रही है तथा अवशेष धनराशि रू0 193.00 लाख मात्र की मांग हेतु उ0प्र0 शासन को अनुरोध पत्र प्रेषित किया जा चुका है। उ0प्र0 शासन से अवशेष धनराशि प्राप्त होने के पश्चात सम्बन्धित कार्मिकों को निर्गत कर दी जायेगी। तदोपरांत सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित किये गये वेतन एरियर का 50 प्रतिशत आई0सी0ए0आर0 की देयता हेतु अनुरोध किया जायेगा।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–6 पर इंगित किया गया है कि **"धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक/कुलसचिव/निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

**प्रस्ताव संख्याः 55.5—** **वित्तीय वर्ष 2023—24 में कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के बकाया विद्युत देयकों के भुगतान के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 2624095 / 2023 / कृशिअ—67—1002(003) / 1 / 2021 दिनांक 24 दिसम्बर, 2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023—2024 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के बकाया विद्युत देयकों हेतु वित्तीय वर्ष 2023—24 के अन्तर्गत धनराशि रू0 12.50 लाख मात्र की धनराशि निर्गत की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या—3 पर इंगित किया गया है कि **''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि व्यावर्तन नही किया जायेगा / किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।''**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्याः 55.6—** **सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्मिकों के वेतन वहन हेतु अनुपूरक बजट के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2023—24 में वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 2641255 / 2023 / कृशिअ—67—1002 (003) / 6 / 2023 दिनांक 24 दिसम्बर, 2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023—2024 में कृषि विश्वविद्यालय, मेरठ के कार्मिकों के वेतन

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स0 व0 भा0 प0 कृषि एवं प्रौद्यो0 विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

वहन हेतु अनुपूरक बजट के माध्यम से वेतन मद के अन्तर्गत रू0 750.00 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–1 पर इंगित किया गया है कि **''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।''**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाही: वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्या: 55.7–**

**सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 2609607/2023/कृशिअ–67–1002 (002)/8/2019–पार्ट–1 दिनांक 12 दिसम्बर, 2023 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित पदों के सापेक्ष दिनांक 01.04.2005 व उसके बाद नियुक्त कार्मिकों के लिए नियोक्ता अंशदान (एन0पी0एस0) हेतु रू0 104.16 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–1 पर इंगित किया गया है कि **''धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी।''**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)**

**प्रस्ताव संख्याः 55.8–** **डा0 आदेश सिंह, सहायक प्राध्यापक को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नत पदनाम सहप्राध्यापक की देय तिथि 15.05.2021 के स्थान पर 15.05.2019 किये जाने के संबंध में प्रस्ताव।**

अवगत कराना है कि माननीय प्रबन्ध परिषद की 54वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2023 के प्रस्ताव संख्या 54.8 के अनुसार डा0 आदेश सिंह को पूर्व में प्राप्त कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के लाभ को वापिस लेते हुये पुनः साक्षात्कार के संबंध में निर्णय लिया गया। इस संबंध में अवगत कराना है कि सस्य विज्ञान विषय के लिये दिनांक 25.11.2023 को कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम के अन्तर्गत प्रोन्नत पदनाम सहप्राध्यापक अनुमन्य करने के संबंध में चयन समिति की बैठक आहुत की गयी।

जिसपर माननीय प्रबन्ध परिषद की स्वीकृति से लिफाफा खोला गया, जिसमें डा0 आदेश सिंह को प्रोन्नत पदनाम सह प्राध्यापक की देय तिथि दिनांक 15.05.2021 के स्थान पर दिनांक 15.05.2019 किये जाने स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

**प्रस्ताव संख्याः 55.9—** **पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय एवं तकनीकी महाविद्यालय के पदों पर हुये साक्षात्कार के लिफाफे खोलने के संबंध में।**

अवगत कराना है कि माननीय प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन उपरान्त विश्वविद्यालय के विज्ञापन संख्या II/2023, III/2023 एवं IV/2023 में विज्ञापित पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के सह प्राध्यापक तथा सहायक प्राध्यापक के पदों के साक्षात्कार दिनांक 12.02.2024 एवं 13.02.2024 को आयोजित किया गया। इसी प्रकार तकनीकी महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं सहप्राध्यापक पदों के साक्षात्कार दिनांक 16.02.2024 तथा 17.02.2024 को आयोजित किया गया।

अतः माननीय प्रबन्ध परिषद के अनुमोदन उपरांत पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय एवं तकनीकी महाविद्यालय के रिक्त एवं शासन द्वारा स्वीकृत पदों पर हुये साक्षात्कार के उपरान्त चयनित अभ्यर्थियों के बन्द लिफाफों को खोले गये, जिनका विवरण निम्नवत है।

**(कार्यवाहीः निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण)**

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

माननीय प्रबन्ध परिषद की 55वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 को आहुत की गयी। जिसमें पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय तथा तकनीकी महाविद्यालय के रिक्त शैक्षिक पदों को विज्ञापन संख्या II//2023, III/2023 एवं VI/2023 द्वारा विज्ञापित पदों के लिफाफे साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त नियुक्ति के बन्द लिफाफे खोले गये। चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों की सूची निम्नवत् है:–

| SN | Name of post & Department | Name of selected candidates recommended by selection committee | Name of selected candidates in weighting panel | Pay scale & AGP (in Rs.) | Number of post | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Assistant Professor (Veterinary Public Health & Epidemiology) | Dr. Piyush Tomar | 1. Dr. Raghvendra Prasad Mishra<br>2. Dr. Astha Nagpal | At academic level 10 with rationalized entry pay of Rs. 57,700/- | 01 (UR-01) | |
| 2. | Assistant Professor (Veterinary Biochemistry & Physiology - Veterinary Physiology) | Dr. Mala Singh | Nil | At academic level 10 with rationalized entry pay of Rs. 57,700/- | 01 (SC-01) | |
| 3. | Associate Professor (Veterinary Public Health and Epidemiology) | Dr. Anil Patyal | 1. Dr. Shriya Rawat<br>2. Dr. Vipul Thakur | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (UR-01) | |
| 4. | Associate Professor (Veterinary Parasitology) | Dr. Prem Sagar Maurya | Nil | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (UR-01) | |
| 5. | Associate Professor (Veterinary Clinical Complex) | Dr Vikas Sachan | Nil | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (OBC-01) | |
| 6. | Associate Professor (Chemical Engineering and Neno Technology) | Dr. Rahul Kumar | Nil | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (UR-01) | |
| 7. | Associate Professor (Soil and Water Conservation Engineering) | Dr. Pushpendra Kumar Singh | Nil | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (UR-01) | Committed recommended one additional / advance increment over pay scale of Associate Professor |

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 8. | Professor (Computer Engineering) | NFS | - | At academic level 14 with rationalized entry pay of Rs.1,44,200/- | 01 (OBC-01) | |
| 9. | Professor (Irrigation and Drainage Engineering) | Dr. Derrick Mario Denis | Nil | At academic level 14 with rationalized entry pay of Rs.1,44,200/- | 01 (UR-01) | Committed recommended his pay protection + one advance increment |
| 10. | Professor (Mechanical Engineering) | NFS | - | At academic level 14 with rationalized entry pay of Rs.1,44,200/- | 01 (UR-01) | |
| 11. | Associate Professor (Electronic and Communication Engineering) | Dr. Vinit Chauhan | Nil | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (OBC-01) | |
| 12. | Associate Professor (Farm Machinery and Power Engineering) | Dr. Vinit Kumar Sharma | 1. Dr. Santosh Kumar<br>2. Dr. Birjesh Kumar Yaduvanshi | At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 01 (UR-01) | |

माननीय प्रबन्ध परिषद की 55वीं बैठक दिनांक 20.02.2024 को आहुत की गयी। कैरियर एडवासमेंट स्कीम के अन्तर्गत साक्षात्कार प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त मुख्यालय पर कार्यरत शिक्षक को निम्नवत् स्वीकृति प्रदान की गयी।

| SN | Name | Present Designation | Department / Subject | Promotion under CAS on the designation / pay scale or Garde pay | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | designation | Garde pay | Date of award of designation / pay scale or Garde pay |
| 1 | DR. Adesh Singh | Assistant Professor | Agronomy | Associate Professor | 37400-67000 + AGP 9000/-<br>At academic level 13A with rationalized entry pay of Rs.1,31,400/- | 15.05.2019 |

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

**प्रस्ताव संख्याः 55.10–** **विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 19वीं बैठक दिनांक 19.02.2024 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

कृपया विश्वविद्यालय की वित्त समिति की 19वीं बैठक दिनांक 19.02.2024 में लिए गये निर्णयों पर अनुमोदन करना चाहें।

(कार्यवाहीः वित्त नियन्त्रक)

**प्रस्ताव संख्याः 55.11–** **विद्वत परिषद की 90वीं बैठक दिनांक 15.02.2024 के कार्यवृत्त का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 90वीं बैठक दिनांक 15. 02.2024 में लिए गये निर्णयों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही साथ उपर्युक्त बैठक में स्वीकृत संकल्पों के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी एवं वित्त नियन्त्रक द्वारा विस्तारपूर्वक मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया तथा विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं के नामों से भी अवगत कराया गया।

उपरोक्त के अतिरिक्त मा0 कुलपति जी द्वारा निम्नवत एम0ओ0यू0 पर विस्तार से अवगत कराया गयाः–

**i.** MoU between Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut and national Institute of Plant Genome Research, New Delhi on Cooperation in the Field of Agricultural Research and Education

**ii.** Letter of Intent (Lol) between Sardar Vallabhbhai Patel University of Agriculture & Technology, Meerut and Purdue University West Lafalyette, Indiana, USA to develop academic and research collaboration

**iii.** Dron Pilot Training cum Research & Development Training.

(कार्यवाहीः कुलसचिव)

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

**प्रस्ताव संख्याः 55.12–** **सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एवं इसकी वर्कशॉप के लिए फर्नीचर, फर्निशिंग एवं लैब एक्यूपमेन्ट आदि के क्रय व रंगरोगन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 2673901/2024/कृशिअ–67–1002 (099)/4/2022 दिनांक 12 फरवरी, 2024 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–2024 में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के अन्तर्गत कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी एवं इसकी वर्कशॉप के लिए फर्नीचर, फर्निशिंग एवं लैब एक्यूपमेन्ट आदि के क्रय व रंगरोगन की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए रू0 200.00 लाख मात्र की धनराशि अवमुक्त की गयी है।

उपर्युक्त शासनादेश के बिन्दु संख्या–17 पर इंगित किया गया है कि **"धनराशि कोषागार से आहरित करके मा0 प्रबन्ध परिषद के पूर्वानुमोदन से व्यय की जायेगी तथा किसी भी मद में स्वीकृत धनराशि का व्यावर्तन नही किया जायेगा/किसी अन्य मद में पुनर्विनियोग नही किया जायेगा।"**

जिसपर मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मत्ति से अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय की वित्त नियन्त्रक द्वारा अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में उपरोक्तानुसार स्वीकृत की गयी वित्तीय धनराशि के अन्तर्गत जेम पर उपलब्ध सामग्री को आर्डर किया जा रहा है परन्तु जो सामग्री/उपकरण जेम पर उपलब्ध नही है, उनके लिये टेण्डर के माध्यम से आपूर्ति कराया जा सकता

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो०
विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

है लेकिन टेण्डर के माध्यम से इस वित्तीय वर्ष में उपर्युक्त को क्रय किया जाना सम्भव नही है। जिसके दृष्टिगत बैठक में उपस्थित विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ से अनुरोध किया गया कि इस हेतु कार्यदायी संस्था नामित किया जा सकता है। जिसपर विशेष सचिव, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा आश्वस्त किया गया कि इस सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाये, जिसपर विचार किया जायेगा।

**(कार्यवाही: अधिष्ठाता, तकनीकी महाविद्यालय/वित्त नियन्त्रक)**

**उपरोक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त मा0 सदस्यों द्वारा निम्नवत अभिमत व्यक्त किये गये:–**

1. विश्वविद्यालय की मा0 प्रबन्ध परिषद से श्री मनोहर सिंह तोमर, प्रगतिशील कृषक तथा श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री का कार्यकाल दिनांक 03 मार्च, 2024 को समाप्त होने के दृष्टिगत उनको शॉल एवं बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। जिसपर श्री मनोहर सिंह तोमर एवं श्रीमती सुमन त्यागी द्वारा विश्वविद्यालय में मा0 प्रबन्ध परिषद के सदस्य के रूप में कार्य करने के अनुभव साझा किये तथा विश्वविद्यालय को धन्यवाद भी दिया।
2. डा0 सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0 नई दिल्ली एवं श्रीमती सुमन त्यागी, सामाजिक महिला कार्यकत्री द्वारा विश्वविद्यालय के 16वें दीक्षांत समारोह में छात्राओं को छात्रों के सापेक्ष अधिक प्रतिशत डिग्री हेतु अर्ह पाये जाने पर बधाई दी गयी।

वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110

3. डा0 सीमा जग्गी, सहायक महानिदेशक, आई0सी0ए0आर0 नई दिल्ली द्वारा अभिमत व्यक्त किया गया कि दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जाने वाले प्रायोजित स्वर्ण पदकों हेतु स्नातक के साथ–साथ परास्नातक के छात्र/छात्राओं का चयनित किया जाना चाहिए।

**(कार्यवाही: कुलसचिव)**

अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यों का आभार व्यक्त किया और धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गई।

**(लक्ष्मी मिश्रा)**
वित्त नियंत्रक/सचिव, मा0 प्रबन्ध परिषद
वित्त नियन्त्रक
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ

अनुमोदित

**(डा0 के0के0 सिंह)**
कुलपति/अध्यक्ष, मा0 प्रबन्ध परिषद
कुलपति
स० व० भा० प० कृषि एवं प्रौद्यो० विश्वविद्यालय, मेरठ-250110